# पाठ - 7
# खिड़की से

---

## खिड़की से

**Q1. ओमना ने पहले और दूसरे दिन खिड़की से बाहर का नजारा देखा, उसमें क्या अंतर है?**

**उत्तर :** पहले दिन ओमना ने खिड़की से सूखे तथा भूरे खेत देखे। परन्तु दूसरे दिन ओमना ने खिड़की से हरे भरे लाल मिट्टी वाले खेत, पहाड़ी, पहाड़ियों के बीच पानी तथा पेड़ देखा।

**Q2. ओमना ने रेलवे फाटक के दोनों तरफ कौन-कौन से वाहन देखे, जो पेट्रोल या डीज़ल से चलते होंगे?**

**उत्तर :** ओमनी ने रेलवे फाटक पर बस, ट्रक, स्कूटर, कार, इत्यादि देखा, जो डीज़ल या पेट्रोल से चलते हैं।

**Q3. इन वाहनों से शोर और धुआँ क्यों हो रहा था?**

**उत्तर :** क्योंकि बहुत सारे लोगों ने अपने वाहनों को रेलवे फाटक पर इंतजार करते समय ईंजन बंद नहीं कर रखा था।

**Q4. क्या तुमने कभी वैसा नजारा देखा है, जैसा ओमना ने गोआ में देखा? उसके बारे में लिखो।**

**उत्तर :** हाँ, मैंने कई बार लोगों को रेलवे फाटक पर गाड़ियों के ईंजन बिना बंद किये इंतजार करते देखा है। ईंजन नहीं बंद किये जाने के कारण काफी शोर होता है तथा ईंजन के धुएँ से प्रदूषण फैलता है। इससे होने वाले शोर से भी प्रदूषण फैलता है। ईंजन बंद नहीं किये जाने से ईंधन के साथ-साथ पैसे की भी बरबादी होती है। लोगों को इंतजार करते समय अपनी गाड़ियों के ईंजन बंद कर देने चाहिए।

## चर्चा करो

**Q1. कुछ लोग रेलवे फाटक तब भी पार करते हैं, जब वह बंद होता है। तुम इसके बारे में क्या सोचते हो?**

**उत्तर :** जब रेलवे फाटक बंद हो, तो उसे पार नहीं करना चाहिए बल्कि रूककर ट्रेन के गुजरने का इंतजार करना चाहिए। बंद रेलवे फाटक को पार करना काफी खतरनाक हो सकता है।

**Q2. क्या तुमने पुल देखे हैं? कहाँ?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने बहुत सारे पुल देखे हैं। इलाहाबाद में गंगा पर बना पुल।

**Q3. क्या तुम कभी किसी पुल पर से गुजरे हो? कहाँ?**

**उत्तर :** हाँ, मैं कई बार पुल पर से गुजरा हूँ। एक बार दिल्ली जाते समय इलाहाबाद में गंगा पर बने पुल पर से भी गुजरा

**Q4. पुल किस पर बना था?**

**उत्तर :** गंगा नदी पर।

**Q5. तुम्हें पुल के नीचे क्या दिखाई दिया था?**

**उत्तर :** पुल के नीचे पानी था। पानी में कुछ नावें भी थीं।

**Q6. पता करो पुल क्यों बनाये जाते हैं?**

**उत्तर :** पुल नदी तथा घाटी को पार करने के लिए बनाये जाते हैं। ,

**Q7. क्या तुम कभी किसी सुरंग से गुजरे हो? तुम्हें कैसा लगा?**

**उत्तर :** हाँ, यात्रा के क्रम में मैं सुरंग से गुजरा हूँ। सुरंग से होकर गुजरने में अलग तरह का आनन्द आया। थोड़ा डर भी लगा।

**Q8. गोआ से केरल तक के रेल के रास्ते में 92 सुरंगें और 2000 पुल हैं। तुम क्या सोचते हो-इतनी सुरंगों और पुलों के होने के क्या कारण हो सकते हैं?**

**उत्तर :** गोवा के रास्ते में ट्रेन को समुद्र के किनारे तथा पहाड़ियों से गुजरना पड़ता है। उन्हें पार करने के लिए इतनी सुरंगों और पुलों को बनाया गया है।

**Q9. ओमना ने पुल के नीचे जो नजारा देखा, उसे पढ़कर उसका चित्र कॉपी में बनाओ।**

**उत्तर :** ओमना ने पुल के नीचे पानी देखा। पानी में कुछ नावें थी, जिस पर मछुआरे मछलियाँ पकड़ रहे थे।



**Q10. कल्पना करो अगर सुरंगें और पुल न होते, तो ओमना की ट्रेन पहाड़ और नदियों को कैसे पार करती?**

**उत्तर :** अगर सुरंग और पुल न होते, तो ओमना की ट्रेन पहाड़ और नदियों को पार नहीं कर पाती।

**Q11. तुम घर में कौन सी भाषा बोलते हो?**

**उत्तर :** मैं घर में हिन्दी बोलता हूँ।

**Q12. गुजरात से केरल पहुँचने तक ट्रेन हमारे देश के किन-किन राज्यों से गुजरी? पता करो और सूची बनाओ।**

**उत्तर :** गुजरात से केरल पहुँचने तक ट्रेन हमारे देश में गुजरात से शुरू होकर महाराष्ट्र, तमिलनाडू राज्यों से गुजरते हुए केरल राज्य पहुँची।

**Q13. पता करो, कि ये भाषाएँ किन जगहों पर बोली जाती हैं?**

| भाषा | जहाँ बोली जाती है (राज्य) |
|---|---|
| मलयालम | ...................... |
| कोंकणी | ...................... |
| मराठी | ...................... |
| गुजराती | ...................... |
| कन्नड़ | ...................... |

**उत्तर :**

| भाषा | जहाँ बोली जाती है (राज्य) |
|---|---|
| मलयालम | केरल |
| कोंकणी | गोवा |
| मराठी | महाराष्ट्र |
| गुजराती | गुजरात |
| कन्नड़ | तमिलनाडू |

**Q14. तुम इन्हें क्या कहकर बुलाते हो?**

**माँ की बहन को ....................................**

**माँ की माँ को ........................................**

**पिताजी की बहन को ..............................**

**पिताजी की माँ को .................................**

**उत्तर :** माँ की बहन को – मौसी

माँ की माँ को – नानी

पिताजी की बहन को –

बुआ पिताजी की माँ को – दादी